RAF SECTOR

NEWS CLIP

09/10/2020

TO SERVE HUMANITY WITH SENSITIVE POLICING

Dainik Jagran , Meerut (U.P)

उपलब्धि

आरएएफ ने बुधवार को गुरुग्राम में मनाया 28वां स्थापना दिवस

परेड में शरीक हुआ मेरठ के जवानों का खास जत्था

जागरण संवाददाता, मेरठ : आरएएफ का 28वां स्थापना दिवस गुरुग्राम में मनाया गया, जिसमें गृहराज्य मंत्री नित्यानंद शामिल हुए। मेरठ से 108 आरएएफ बटालियन का 56 जवानों का जत्था भी परेड में शरीक हुआ।

डिप्टी कमांडेंट रामेश्वर यादव ने बताया कि कार्यक्रम में 108 आरएएफ बटालियन के कमांडेंट राजेंद्र प्रसाद और रेपो कमांडेंट अखिलेश कुमार सिंह भी मौजूद थे। उन्होंने बताया कि कारोना काल के दौरान कार्यक्रम को गुरुग्राम में किया गया था, नहीं तो भव्य आयोजन मेरठ में होना था।

इस दौरान कमांडेंट ने कहा कि सांप्रदायिक दंगों के साथ ही किसी भी तरह के उपद्रव को कम बल के साथ नियंत्रित करने में आरएएफ के जवान माहिर हैं। सामाजिक कार्यों जैसे रक्तदान शिविर और पर्यावरण का संरक्षण में भी जवान बढ़-चढ़कर हिस्सा लेते हैं।

दंगा नियंत्रण के लिए विदेश से आने वाले जवानों को भी रेपो में प्रशिक्षण दिया जाता है। उन्होंने बताया कि 25वां स्थापना दिवस मेरठ में मनाया गया था।

गुरुग्राम में बुधवार को आरएएफ के स्थापना दिवस पर परेड में शामिल मेरठ के जवान• सौ. आरएएफ

Intex News , Jaipur (R.J)

रैपिड एक्शन फोर्स ने मनाया 28वां स्थापना दिवस

जयपुर। 7 अक्टूबर को सीआरपीएफ की रैपिड एक्शन फोर्स 83 बटालियन कैंपस में रैपिड एक्शन फोर्स का 28 वां स्थापना दिवस मनाया गया। राजधानी जयपुर के आमेर में लालवास स्थित रैपिड एक्शन फोर्स 83 बटालियन केम्पस में स्थापना दिवस कॉविड-19 महामारी के सुरक्षा निर्देशों का पालन करते हुए बड़े हर्षोल्लास के साथ मनाया गया।

इस अवसर पर रैपिड एक्शन फोर्स 83 बटालियन के कमांडेंट प्रवीण कुमार सिंह ने बटालियन शहीद स्मारक पर द्रुत कार्य बल व केन्द्रीय रिजर्व पुलिस बल के देश सुरक्षा में शहीद हुए जवानों को याद कर श्रद्धांजलि अर्पित की। और बटालियन क्वाटर गार्ड पर सेरेमोनियल गार्ड से सलामी ली। कमाण्डेन्ट प्रवीण कुमार सिंह नें बटालियन के सभी कार्मिकों को द्रुत कार्य बल और बटालियन द्वारा किये गये सराहनीय कार्यो एवं ड्यूटियों के बारे में जानकारी देते हुए रैपिड एक्शन फोर्स के जवानों की प्रशंसा की। साथ ही भविष्य में और अच्छा करने की रणनीति पर विचार करने के लिये आगाह किया। देश की सेवा के लिये हर समय तैयार रहने के लिए प्रेरित किया।

कार्यक्रम के दौरान कमांडेंट प्रवीण कुमार सिंह ने पर्यावरण की महत्ता को समझाते हुये वृक्षारोपण किया। बटालियन कैंपस में 150 छायादार और गुणकारी पेड़ लगाये गए। साथ ही प्रेरित किया कि हर व्यक्ति को प्रतिवर्ष कम से कम एक पेड़ लगाना चाहिए और दुसरों को भी पेड़ लगाने के लिए प्रेरित करना चाहिए। जिससे पर्यावरण को हरा-भरा एवं शुद्ध बनाया जा सकें। साथ ही प्रकृति और वन्यजिवों के आवास को भी बचाया जा सके। बटालियन की ओर से रैपिड एक्शन फोर्स के स्थापना दिवस के अवसर पर मैत्री खेलों का आयोजन किया गया। जिसमें बटालियन के जवानों ने भाग लिया। विजेता टीम को पुरस्कृत किया गया। शाम को बड़े खाने और रंगारंग सांस्कृतिक कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस अवसर पर कमाण्डेन्ट प्रवीण कुमार सिंह के साथ उप कमाण्डेन्ट बलबीर सिंह, बटालियन के सभी अधिकारी और जवान मौजूद रहे।

United Bharat , Prayagraj (U.P)

हर कठिनाई में द्रुत कार्य बल आपके साथ है : आरके निगम

धूमधाम से मनाई गई द्रतु कार्य बल की २८ वीं वर्षगाठ

सहसों कार्यालय

सहसों: प्रयागराज। ०७ अक्टूबर १९९२ में गठित द्रुत कार्य बल का २८ वॉ स्थापना दिवस बड़े ही धूमधाम के साथ मनाया गया। द्रुत कार्य बल के महानिरीक्षक राधा मोहन मीणा के निर्देशन में वार्षिक परेड का आयोजन केरिपुबल अकादमी गुडगांव में मुख्य अतिथि गृह राज्यमंत्री नित्यानंद राय ने वार्षिक परेड की सलामी लेते हुए कार्यक्रम का शुभारम्भ किया।

आरएएफ की १०१ बटालियन शांतिपुरम में अपनी जिम्मेदारियों का निर्वहन करते हुए प्रयागराज में अपनी अमूल्य सेवाए दे रही है। सामाजिक सरोकार से ओपप्रोत द्रुत कार्य बल द्वारा समय-समय पर क्षेत्र में वृक्षारोपण, स्वच्छता अभियान, जन जागरूकता अभियान, गंगा सफाई अभियान व आपदा प्रबंधन करते हुए अपनी उत्तरदायित्वों का बखूबी निर्वहन कर रहे है। स्थापना दिवस पर सभी बधाई देते हुए वाहनी के कमाण्डेंट आर०के० निगम ने कहा कि यह बल आप लोगों की सेवा में सदैव तत्पर है और हर कठिनाई में आप लोगों के साथ है।

उन्होने अपने संदेश को साझा करते हुए बताया कि ७ अक्टूबर १९९२ में द्रुत कार्य बल का गठन किया गया। उस समय भारत सरकार के पास दंगो जैसी स्थिति से निपटने के लिए कोई विशेष बल उपलब्ध नही था। बाबरी मस्जिद के विध्वंस के बाद भारत सरकार ने दंगा एवं दंगों जैसी स्थिति से निपटने के लिए एक विशेष बल के गठन के बारे में विचार किया और केरिपुबल की १० बटालियन को द्रुत कार्य बल के रूप में गठन किया गया। वर्ष २०१८ में भारत सरकार ने इस बल के उपयोगिता एवं आवश्यकता को देखते हुए पॉच अतरिक्त द्रुत कार्य बल की वाहिनी का गठन किया। वर्तमान में देश में कुल १५ द्रुत कार्य बल की बटालियन तैनात है।

Photos of Deployment/ Fam-Ex

सी0आर0पी0एफ0 सदा अजेय, भारत माता की जय।